an>

Title: Regarding providing balance payment due to the farmers from the sale of their paddy crops.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : मैडम, मैं आज शून्य काल के माध्यम से आपकी अनुमति से झारखंड के किसानों की कुछ समस्याओं को रखना चाहता हूं।

झारखंड में धान क्रय केन्द्र के माध्यम से किसानों के धान का क्रय किया जाता है। वÂान 2014-15 और 2015-16 में धान का क्रय हुआ, जिसमें उनकी कीमत का अभी तक आधा-अधूरा भुगतान हुआ है आधा-अधूरा अभी बाकी है। खासकर मेरे लोक सभा क्षेत्र में गिरिडीह, कोडरमा और हजारीबाग जिले के किसानों के धान की कीमत का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। मैं बहुत अनुरोधपूर्वक कहना चाहता हूं कि धान क्रय के समय में भी किसानों को बहुत समस्यायें होती हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग पंचायत स्तर पर धान क्रय करने की व्यवस्था करे। जिन किसानों को भुगतान नहीं हुआ है, यह किसानों की समस्या है कि इस बार का पैसा मिलेगा तो अगली खेती करेंगे। खेती शुरू हुई है, लेकिन पैसा नहीं मिल रहा है, इसलिए भारत सरकार और राज्य सरकार को मिलकर इसका भुगतान अविलम्ब कराना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष : यह राज्य सरकार का मामला है।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय को श्री रवीन्द्र कुमार राय द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।